आयोग द्वारा की गयी समीक्षा बैठकें

12. आयोग द्वारा की गयी समीक्षा बैठकें

उत्तराखण्ड सूचना आयोग द्वारा अपनी स्थापना के प्रारंभिक काल से ही विभिन्न जनपद मुख्यालयों, विकास खण्डों तथा तहसीलों में लोक सूचना अधिकारियों तथा विभागीय अपीलीय अधिकारियों की समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती रही हैं तथा विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यशालाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग किया है. ऐसी समीक्षा बैठकों को आयोजित करने के पीछे आयोग का उद्देश्य एक सरल एवं सुगम व्यवहारिक शासन पद्धति को स्थापित करने में सहायता प्रदान करना है.

उक्त समीक्षा बैठकों के उपरान्त आयोग द्वारा संबंधित आयोजन स्थल पर ही जन सुनवाई/प्रैस वार्ता भी आयोजित की जाती रही हैं. इन समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न लोक प्राधिकारियों के स्तर पर सूचना का अधिकार अधिनियम के प्राविधानों के क्रियान्वयन के लिए स्थापित व्यवस्था की समीक्षा; लोक प्राधिकारियों, लोक सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों को अधिनियम के विभिन्न प्राविधानों के अनुपालन की प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित विषयों की जानकारी प्रदान की जाती है.

जन सुनवाईयों/प्रैस वार्ताओं के माध्यम से जनसामान्य को सूचना का अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्राविधानों के उपयोग की जानकारी दी जाती है तथा अधिनियम का प्रचार प्रसार भी किया जाता है. इन बैठकों में आयोग द्वारा प्रकाशित सामग्री भी लोक प्राधिकारियों तथा जनसामान्य के उपयोगार्थ भी बांटी जाती हैं.

आयोग द्वारा वर्ष 2012–13 में की गयी कुछ प्रमुख समीक्षा बैठकों एवं जन सुनवाईयों/प्रैस वार्ताओं के कार्यवृत्त इस अध्याय में दिये जा रहे हैं.

मा0 मुख्य सूचना आयुक्त महोदय उत्तराखण्ड सूचना आयोग की अध्यक्षता में दिनांक 17.4.2012 को सूचना अधिकार अधिनियम–2005 को प्रभावी ढंग से लागू करने के संबध में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त

आयोजित बैठक में उपस्थित जनपद के लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों की सूची संलग्न है।

1– बैठक के प्रारंभ में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम के महत्व से अवगत कराया गया. उसमें उनके क्या दायित्व हैं उससे अवगत कराया गया तथा अधिनियम का अध्ययन करने के निर्देश दिये गये।

2– मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा जनपद के समस्त लोक सूचना अधिकारियों को अवगत कराया गया है कि सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के नियम 5(4) के अन्तर्गत संबंधित कार्यलय के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने लोक सूचना अधिकारियें को सूचना से संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने हेतु सहयोग प्रदान करेगे। सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा–5(5) के अधीन संबंधित कर्मचारी जिसके पटल से संबंधित सूचना है, वह स्वंय डीम्ड लोक सूचना अधिकारी हो जायेगा। समस्त लोक प्राधिकारी / कार्यालयाध्यक्ष इस तथ्य को समस्त कर्मचारियें के संज्ञान में लायें।

(कार्यवाही समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

3– मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा निर्देश दिये गये कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा–7(3) के अन्तर्गत अनुरोधकर्ता को सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु अनुरेाधकर्ता से अतिरिक्त शुल्क जमा कराये जाने की व्यवस्था है। अनुरोधकर्ता से निर्धारित अतिरिक्त शुल्क जमा कराने के लिए नोटिस दिया जाना आवश्यक है। उक्त अतिरिक्त शुल्क का नोटिस अनुरोधकर्ता को अनुरोध पत्र प्राप्ति के 10 दिन के अन्दर निर्धारित प्रारूप संलग्नक–5 पर पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाना आवश्यक है। यदि अनुरोधकर्ता को समय से नोटिस नही दिया जाता है तो निःशुल्क सूचना उपलब्ध कराये जाने पर उसकी वसूली संबंधित लोक सूचना अधिकारी से हो सकती है। अतिरिक्त शुल्क के नोटिस के विरूद्ध भी अपील करने के लिए नोटिस में प्रथम विभागीय अपीलीय अधिकारी के पदनाम का भी उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

कार्यवाही समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

4– सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा–6(3) के अन्तर्गत ऐसे अनुरोध पत्र जिनमें सूचना अन्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी जानी है, ऐसे अनुरोध पत्र प्राप्ति के 05 दिन के अन्दर संबंधित लोक सूचना अधिकारी को हर दशा में निर्धारित प्रारूप संलग्नक–7 में हस्तान्तरित कर दिये जाये। ऐसा नही लिखा जायेगा, कि यह सूचना विभाग से संबंधित नही है। समस्त लोक सूचना अधिकारी कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

(कार्यवाही समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

5– भारत का कोई भी नागरिक अनुरोध पत्र प्रस्तुत कर सूचना मांग सकता है। अनुरोधकर्ता को याचित सूचना अनुरोध पत्र प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर हर दशा में दी जानी चाहिए। सूचना उपलब्ध न होने की दशा में यह सूचना ''उपलब्ध नही है'' न लिखा जाय, अपितु ''इस कार्यालय में इस बिंदु की सूचना धारित नही है'' लिखा जाय। समस्त लोक सूचना अधिकारी अनुपालन सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

6– लोक सूचना अधिकारी जिन प्रकरणों में अनुरेाधकर्ता को अनुरोध पत्र प्राप्ति के 10 दिन के अन्दर अतिरिक्त शुल्क जमा करने हेतु नोटिस भेजे गये है, ऐसे प्रकरणों में अतिरिक्त शुल्क जमा होने के उपरांत तथा अनुरोध पत्र प्राप्त होने के विलम्बतम 30 दिन को अवधि के अन्दर याचित सूचना उपलब्ध करा दी जाय। समस्त लोक सूचना अधिकारी कृपया कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

7— मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया है कि तीसरे पक्ष के प्रकरण में अनुरोध पत्र प्राप्ति के 40 दिन के अन्दर अनुरोधकर्ता को सूचना देनी होगी अनुरोधकर्ताओं को सूचना बिन्दुवार उपलब्ध कराई जाय। यदि सूचना से संबंधित अभिलेख विनिष्ट हो चुके है तो विनिष्टीकरण से संबंधित प्रमाण संलग्न करना होगा। धारा–8 के अपवादों को छोडकर हर सूचना अनुरोधकर्ता को दी जाय। विभागीय अपीलीय अधिकारी का पदनाम सूचना देते समय अवश्य अंकित किया जाय। समस्त लोक सूचना अधिकारी कृपया कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

8— मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा–19(1) के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली प्रथम अपीलों की सुनवाई संबंधित विभागीय अपीलीय अधिकारी स्वयं करेंगे। अपील सुनवाई हेतु सप्ताह में एक दिन अवश्यक निर्धारित किया जाय। अपीलकर्ता के उपस्थित न होने पर भी अपील का निस्तारण गुण–दोष के आधार पर किया जाय। अपीलकर्ता की अनुपस्थिति के आधार पर अपील निरस्त न की जाय। विभागीय अपीलीय अधिकारी अपीलकर्ता को मांगी गई सूचना अवश्य दिलवायें। यदि मांगी गई सूचना अपीलकर्ता को समय से प्राप्त नही होती है, और उसे प्रत्यक्ष क्षति होती है, तो उक्त क्षति की भरपाई लोक प्राधिकारी से की जा सकती है।

(कार्यवाही विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं लोक सूचना अधिकारी, टि0ग0)

9— सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा–22 मे व्यवस्था की गयी है कि Official Secrets Act-1923 या किसी कानून द्वारा किसी प्रलेख में कोई अंसगत बात होते हुए भी अर्थात सूचना गोपनीय होते हुए भी अनुरोधकर्ता को दी जायेगी। संबंधित लोक सूचना अधिकारी तद्नुसार अनुपालन सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं लोक सूचना अधिकारी, टि0ग0)

10— मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा प्रत्येक लोक प्राधिकारी द्वारा 17 बिन्दुओं से संबंधित विभागीय मैनुअल को 30 जून तक हर दशा में अपडेट किये जाने के निर्देश दिये गये है। अपडैट विभागीय मैनुअल की एक सॉफ्ट कॉपी सूचना आयोग एवं एक कॉपी विभागाध्यक्षों को उपलब्ध करायी जाय। यदि किसी के द्वारा मैनुअल के अंश की प्रति मांगी जाती है तो निर्धारित शुल्क प्राप्त कर उसे उपलब्ध करा दी जाय। अपडेटेड मैनुअल को जनपद एवं विभाग की वैबसाईट पर भी अपलोड कर दिया जाये।

(कार्यवाही समस्त लोक प्राधिकारी/कार्यालाध्यक्ष टि0ग0)

11— मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है, कि जिला अधिकारी टि0ग0 अपनी मासिक बैठकों के समय जनपद के समस्त लोक प्राधिकारियों की विभागीय मैनुअल को अपडेट करने के संबंध में निर्देश दे कर हर महीने प्रगति हेतु समीक्षा करेंगे।

(कार्यवाही जिला अधिकारी टि0ग0)

12— मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा सूचना का अधिकार से संबंधित विवरण पत्रों को निर्धारित तिथियों पर सूचना आयोग, को उपलब्ध कराने हेतु संबंधितो को निर्देशित किया गया। समस्त लोक सूचना अधिकारी कृपया कडाई से अनुपालन करें।

(कार्यवाही समस्त लोक प्राधिकारी/समस्त लोक सूचना अधिकारी टि0ग0)

13— मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि आर0टी0आई0 कार्यकर्ताओं की जानमाल की सुरक्षा के संबंध में शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस संबंध में जिला अधिकारी टि0ग0, पुलिस अधीक्षक टिहरी एवं समस्त उप जिलाधिकारी / क्षेत्राधिकारी पुलिस तथा थाना एवं नायब तहसीलदार स्तर पर एवं शिकायत पंजिका अध्यावधिक रूप से रखी जाय। जांच राजस्व पुलिस एवं नियमित पुलिस के निर्देशित स्तर से ही करा कर कार्यवाही की जाय। जांच के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाय। जिला स्तर पर जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इसे सुनिश्चित करने हेतु उत्तरदायी होगे।

(कार्यवाही जिलाधिकारी/पुलिस अधीक्षक एवं समस्त उप जिलाधिकारी / क्षेत्राधिकारी, पुलिस, टि0ग0।

14– मुख्य सूचना आयुक्त महोदय के द्वारा अवगत कराया गया है कि सूचना आयोग द्वारा द्वितीय अपील के निस्तारण के समय दिये गये आदेशों का लोक सूचना अधिकारियों द्वारा अनुपालन नही किया जा रहा है। यदि स्थिति ठीक नही है। सूचना आयोग के आदेशों का कडाई से अनुपालन किया जाय। अनुपालन न करने की दशा में संबंधित अधिकारियों के विरूद्व विभागीय कार्यवाही के आदेश पारित किया जाना सूचना आयोग की मजबूरी है। अतः समस्त लोक सूचना अधिकारी/विभागीय अपीलीय अधिकारी सूचना आयोग द्वारा पारित आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही समस्त विभागीय अपीलीय अधिकारी/लोक सूचना अधिकारी जनपद टि0ग0)

15– सूचना आयोग के द्वारा अपीलों के निस्तारण के समय शास्ति के आदेश पारित किये जाते हैं जिसकी वसूली लोक सूचना अधिकारी के वेतन से की जाती है। वरिष्ठ कोषाधिकारी टिहरी/नरेन्द्रनगर कृपया जनपद में ऐसे मामलों में संबंधित अधिकारी की वेतन से वसूली करने की नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

(कार्यवाही वरिष्ठ कोषाधिकारी टिहरी/नरेन्द्रनगर)

16– मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा अभिलेख /पत्रावलियों को राजस्व मैनुअल, शासनादेशों एवं विभागाध्यक्षो के निर्देशो /आदेशों के अनुसार निर्धारित अवधि के अन्दर विनिष्टीकरण के संबंध में निर्देश दिये गये है कि संचित अभिलेखों का निर्धारित अवधि में नियमानुसार विनिष्ट कर दिया जाय।

(कार्यवाही समस्त लोक प्राधिकारी जनपद टिहरी गढ़वाल)

17– मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि संबंधित लोक सूचना अधिकारी एवं विभागीय अपीलीय अधिकारी राज्य सूचना आयोग में अपीलो/शिकायतों की सुनवाई के समय अनुरोध पत्रों की पंजिका एवं अपीलों की पंजिका अपने अभिकथन के साथ अवश्य साथ लाये।

(कार्यवाही समस्त विभागीय अपीलीय अधिकारी/समस्त लोक सूचना अधिकारी जनपद टिहरी गढ़वाल)

बैठक के अन्त में उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधि/प्रेस/लोक सूचना अधिकारियों / विभागीय अपीलीय अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए संबंधितो को उक्त बिन्दुओं पर निर्देशानुसार कार्यवाही निर्देश देते हुए बैठक समाप्त की गयी।

(एन0एस0नपलच्याल)
मुख्य सूचना आयुक्त

कार्यालय जिलाधिकारी , टिहरी–गढवाल ।

संख्या– / दिनांक , 2012

प्रतिलिपिः– निम्नाकिंतो को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– बैठक का कार्यवृत्त मा0 मुख्य सूचना आयुक्त महोदय को अनुमोदनार्थ प्रेषित।

2– जिला अधिकारी टि0ग0।

3– पुलिस अधीक्षक टि0ग0।

4– समस्त लोक प्राधिकारी, जनपद टि0ग को इस निर्देश के साथ प्रेषित की अपने अधीनस्थ लोक सूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी को उपरोक्तानुसार अनुपालन हेतु अवगत कराये।

अपर जिलाधिकारी,
टिहरी–गढवाल

श्री एन.एस.नपलच्याल, माननीय मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा दिनांक 7.1.13 को कृषि विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

- डा0 जे.पी.पांडे, कुलसचिव, पंतनगर विश्वविद्यालय।
- डा0 डी.पी.पंत, निदेशक प्रशासन, पंतगनर विश्वविद्यालय।
- समस्त अधिष्ठाता, पंतनगर विश्वविद्यालय।
- पत्रावली में संलग्न विवरण के अनुसार विश्वविद्यालय के लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारी।

समीक्षा बैठक के आरंभ में कुलसचिव/कार्यवाहक कुलपति जी द्वारा माननीय मुख्य सूचना आयुक्त महोदय का विश्वविद्यालय की ओर से अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए माननीय मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के विभिन्न प्राविधानों पर व्यापक प्रकाश डाला गया। माननीय मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा उपस्थित समस्त अपीलीय/लोक सूचना अधिकारी/सहायक लोक सूचना अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का महत्व बताया गया तथा अवगत कराया गया कि भारत के संविधान के बाद जन साधारण द्वारा सर्वाधिक प्रयोग किए जाने वाला अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 ही है, जिसके द्वारा जन साधारण की वर्षों से चली आ रही विभिन्न समस्याओं का समाधान हो पाया है। उन्होंने समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों से सूचना का अधिकार अधिनियम का अध्ययन करने का आग्रह किया।

माननीय आयुक्त महोदय द्वारा अधिनियम के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए मुख्य रूप से 48 घंटे के अंदर सूचना दिए जाने संबंधी प्राविधानों पर विस्तृत व्याख्या करते हुए अवगत कराया गया कि ऐसे आवेदनों पर संबंधित लोक सूचना अधिकारी अपने विवेक के अनुसार स्वयं निर्णय लेने हेतु सक्षम है कि चाही गई सूचना किसी व्यक्ति के जीवन एवं स्वतंत्रता से संबंधित है या नहीं। माननीय आयुक्त द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि यदि सूचना 48 घंटे के अंदर दिए जाने लायक न समझी जाए तो भी अपीलार्थी को भी इस संबंध में अवगत करा दिया जाए।

माननीय आयुक्त द्वारा इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि आवेदन प्राप्त होने पर यथाशीघ्र तथा प्रत्येक दशा में आवेदन पत्र प्राप्ति के विलम्बतम 30 दिन के भीतर प्रत्येक दशा में सूचनाएं आवेदक को उपलब्ध करा दी जाएं तथा प्रथम अपील की सुनवाई अपील हेतु आवेदन पत्र प्राप्ति के 30 दिन के भीतर व विशेष परिस्थितियों में 45 दिन के भीतर अपील की सुनवाई करते हुए प्रकरण को निस्तारित किया जाए। विभागीय अपील का निस्तारण बिन्दुवार किया जाये तथा speaking order पारित किया जाये।

माननीय मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत तैयार 17 बिंदुओं पर आधारित मैनुअल के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई जिसके संबंध में आयुक्त महोदय को अवगत कराया गया कि मैनुअल दिनांक 31 मार्च 2012 की दिनांक तक अद्यतन है एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया जा चुका है।

माननीय मुख्य सूचना आयुक्त महोदय द्वारा यह सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों की सूचनों को क्रमबद्ध तरीके से ऑनलाइन कर दिया जाए साथ ही उनके द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि प्रारंभ में एक या दो विभागों की सूचनाओं को कमप्यूटरीकृत कर पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ऑन लाइन कर दिया जाए ताकि नागरिकों द्वारा चाही गई सूचनाएं सीधे वेबसाइट से प्राप्त की जा सकें।

इसके अतिरिक्त विभिन्न लोक सूचना अधिकारियों /अपीलीय अधिकारियों द्वारा व्यक्त की गई जिज्ञासाओं का समाधान भी माननीय आयुक्त महोदय द्वारा विस्तार से किया गया।

अंत में कुलसचिव/कार्यवाहक कुलपति जी द्वारा माननीय सूचना आयुक्त का धन्यवाद व्यक्त करते हुए समीक्षा बैठक का समापन किया गया।

निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण
/नोडल अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधिनियम

दिनांकः 23/08/2012 को जिला कार्यालय सभागार में श्री प्रभात डबराल, मा0 सूचना आयुक्त,उत्तराखण्ड देहरादून की अध्यक्षता में सूचना अधिकार अधिनियम के कियान्वयन हेतु जनपदीय लोक सूचना अधिकारियों,अपीलीय अधिकारियों एवं सहायक लोक सूचना अधिकारियों के साथ आहूत गोष्ठी/बैठक का कार्यवृत्त :

1S867
बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची संलग्नक–1 पर है ।

गोष्ठी/बैठक शुभारम्भ करते हुए सर्वप्रथम नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी चमोली द्वारा श्री प्रभात डबराल ,मा0 सूचना आयुक्त,उत्तराखण्ड देहरादून का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया तथा गोष्ठी/बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद में हुई आपदा पर दुःख जताया गया तथा बताया गया कि उनका दौरा काफी पहले ही निर्धारित कर दिया गया था तथा अधिनियम के सफल कियान्वयन हेतु जनपदीय विभागीय अपीलीय अधिकारियों,लोक सूचना अधिकारियों एवं सहायक लोक सूचना अधिकारियों के साथ गोष्ठी /बैठक कर अधिनियम की अद्यतन जानकारी सभी उपस्थित अधिकारियों के सम्मुख रखी जानी आवश्यक समझी गई। अतः निर्धारित कार्यक्रमानुसार गोष्ठी करना उचित समझा गया।

2. मा0 सूचना आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों से अपील की गई कि यदि अधिकारीगणों को अधिनियम के तहत सूचना दिये जाने में कोई कठिनाई हो रही है,या उनके मन में कोई ऐसे प्रश्न हैं जो गोष्ठी में रखे जाने हैं तो अपने प्रश्नों को बिना किसी संकोच के गोष्ठी में रख सकते हैं। मा0 सूचना आयुक्त की पृच्छा के क्रम में सर्वप्रथम जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा अपना प्रश्न रखते कहा गया कि अनुरोधकर्ता के अनुरोध पत्र के क्रम में लोक सूचना अधिकारी द्वारा तैयार की गई सूचना का अतिरिक्त शुल्क जिसका मूल्य मात्र रू,2.00 से आरम्भ होता है तथा इस अतिरिक्त शुल्क को जमा कराने हेतु लोक सूचना अधिकारी द्वारा अनुरोधकर्ता को नियत समयान्तर्गत पंजीकृत डाक से नोटिस दिया जाना आवश्यक होता है,जबकि पंजीकृत डाक में रजिस्ट्री पर आने वाला व्यय न्यूनतम रू,25.00विभाग को अदा करना पड़ता है।अतिरिक्त शुल्क जमा करने के पश्चात सूचना अनुरोधकर्ता को प्रेषित करने में पुनः रू,25.00 का व्यय करना पड़ता है। इसप्रकार मात्र एक कागज जिसे अनुरोधकर्ता को देने में रू,02.00 सरकार को प्राप्त होते हैं,जबकि इस पर होने वाला सरकारी व्यय उससे कई गुना अधिक हो जाता है। मा0 आयुक्त द्वारा इस संबंध में अवगत कराया

1

RO
30/10/12

गया कि सूचना के अधिकार को प्रभावी करने से पूर्व राज्य सरकार को नियमावली तैयार करने के लिए 120 दिन अर्थात 04 माह का समय दिया गया था ताकि सरकार अधिनियम के तहत दी जाने वाली सूचना की प्रकियाओं पर गहनता से मनन कर ले। अतिरिक्त शुल्क की प्रकिया के निर्धारण के सम्बन्ध में जब तक सरकार द्वारा कोई विधिवत् प्रकिया निर्धारित नहीं कर ली जाती है तब तक पूर्व निर्धारित व्यवस्था के अनुसार ही अतिरिक्त शुल्क लेते हुए सूचना प्रदान की जायेगी। नियमावली बनाने का काम सरकार का है।

3. बैठक में उपस्थित अधिकारी द्वारा मा0 सूचना आयुक्त के समक्ष प्रकरण रखा गया कि कुछ अनुरोधकर्ता अपने अनुरोध में उल्लिखित इच्छित सूचनाओं को प्राप्त करने के उपरान्त पुनः अपने पुराने अनुरोध पत्र से सम्बन्धित सूचनायें मांग रहे हैं। इस सम्बन्ध में मा0 सूचना आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि जो सूचना उपलब्ध करायी जा चुकी हों, उसे पुनः मांगने से किसी को रोका नहीं जा सकता है। संबंधित लोक सूचना अधिकारी ऐसी सूचना जो पूर्व में भी अनुरोधकर्ता को उपलब्ध करायी जा चुकी है, उसे पुनः नये अनुरोध पत्र के माध्यम से मांगे जाने पर पूर्व पत्र की छाया प्रति उपलब्ध कराते हुए अवगत करा सकते हैं कि वांछित सूचना आपको कार्यालय के संलग्न पत्र के द्वारा पूर्व ही उपलब्ध करा दी गई है।

4. गोष्ठी में उपस्थित अन्य लोक सूचना अधिकारी द्वारा मा0 सूचना आयुक्त के सम्मुख अधिनियम के तहत सूचना दिये जाने हेतु उस पर आने वाले व्यय हेतु कंटीजेंसी के सम्बन्ध में मा0 आयोग के स्तर से शासन को निर्देश निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया। इस सम्बन्ध में मा0 सूचना आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने विभाग स्तर से सूचना अधिकार अधिनियम के तहत निस्तारित किये जाने वाले अनुरोध पत्र इत्यादि पर आने वाले व्यय हेतु कंटीजेंसी में पृथक से बजट दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव शासन को भिजवायें, ताकि राज्य सरकार/शासन द्वारा इस सम्बन्ध में मद का सृजन करते हुए धनावंटन के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

5. स्वस्थ एवं पारदर्शी प्रशासन के लिए ई–गवर्नेंस के महत्व पर जोर देते हुए मा0 आयुक्त द्वारा गोष्ठी में उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी देवाल से शिक्षा विभाग के पोर्टल पर जनसामान्य के लिए अपलोड की गई जानकारी के सम्बन्ध में पूछा गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा

बतया गया कि प्रत्येक खण्ड कार्यालय में खण्ड क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत् शिक्षकों एवं उनकी खण्ड के अन्तर्गत तैनाती आदि की सूचना पोर्टल पर डाली गई है। इस सम्बन्ध में मा0 सूचना आयुक्त द्वारा गोष्ठी में उपस्थित अधिकारियों के सम्मुख जानकारी रखी गई कि मध्यप्रदेश राज्य में शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किये गये पोर्टल पर शिक्षा विभाग के सम्बन्धित सभी जानकारी जिसमें,शिक्षा विभाग के सृजित पद,भरे गये पद,किस पद पर किस शिक्षक की तैनाती कब से कब तक रही,कब से तैनात है,उसकी शैक्षिक योग्यता ,प्रथम नियुक्ति तिथि,स्थायीकरण तिथि,सेवानिवृत्ति की तिथि के साथ–साथ स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को दिये जाने वाले भोजन के मेमो की दैनिक जानकारी,कक्षावार शिक्षारत् बच्चों के वार्षिक आंकडें एवं और अन्य ऐसी जानकारी प्रदर्शित की गई है,जो जनसामान्य के लिए आवश्यक हैं। कोई भी व्यक्ति/जनसामान्य मध्य प्रदेश की शिक्षा विभाग का पोर्टल पर क्लिक करते ही सम्पूर्ण एवं विस्तृत जानकारी मध्य प्रदेश के किसी भी विद्यालय के सम्बन्ध में प्राप्त कर सकता है। गोष्ठी में मा0 आयोग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों से भी मध्य प्रदेश की भांति अपना विभागीय पोर्टल तैयार करते हुए एन0आई0सी0 के माध्यम से जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करने की अपेक्षा की गई,ताकि जनसामान्य को सरलतापूर्व विभाग के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त हो सके।

6. गोष्ठी में मा0 सूचना आयुक्त द्वारा इसीक्रम में एक जानकारी उपस्थित अधिकारियों के सम्मुख रखी गई,जिसमें बताया गया कि श्री राकेश कुमार के सचिव,आपदा प्रबन्धन के पद पर सेवारत् रहते निर्देश दिये गये थे कि सभी जनपद आपदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना "आपदा डाटा" में तैयार जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करें,तथा उसे अद्यावधिक भी रखें। यह भी बताया गया कि एक अनुरोधकर्ता द्वारा आपदा के सम्बन्ध में सूचना मांगे जाने पर 13 जनपदों में से मात्र 03 जनपद ही समय से सूचना दे पाये,जो हार्ड कापी में अनुरोधकर्ता को उपलब्ध करायी गई। राज्य के शेष 10 जनपदों द्वारा अनुरोधकर्ता के अनुरोध पत्र पर समयान्तर्गत सूचना उपलब्ध नहीं करायी जा सकी,जिस कारण उसे मा0 आयोग में शिकायत दर्ज करानी पड़ी तथा आयोग द्वारा इस सम्बन्ध में सभी जनपदों के लोक सूचना अधिकारियों से कारण स्पष्ट करते हुए अनुरोधकर्ता को सूचना उपलब्ध करायी गई। मा0 आयुक्त द्वारा अपेक्षा की गई कि जनपद की आपदा से सम्बन्धित सूचना अद्यावधिक रखी जाये,तथा उसे जनपद की वेबसाइट पर यदि अपलोड नहीं किया गया है तो अपलोड करने की कार्यवाही पूर्ण की

जाय,तथा अपडेट सूचनायें हार्ड एवं साफ्ट कापी में भी रखी जायें,ताकि अनुरोधकर्ता अथवा शासन द्वारा जनपद से सम्बन्धित सूचनायें तत्काल मांगे जाने की स्थिति में सूचनायें अविलम्ब उपलब्ध हो सकें। मा. सूचना आयुक्त ने कहा कि कारगर ई–गवर्नेंस सक्षम प्रशासन की कुंजी है।

7. लोक निर्माण विभाग में तैनात लोक सूचना अधिकारी द्वारा जानकारी चाही गई कि कोई बी0पी0एल0 अनुरोधकर्ता अपने बी0पी0एल0 कार्ड के छायाप्रति संलग्न करते हुए आवेदन करता है,लेकिन उसका बी0पी0एल0 कार्ड नवीनीकृत न होने पर उसकी वैधता समाप्त हो गई हो,तो क्या ऐसे बी0पी0एल0 अनुरोधकर्ता का अनुरोध पत्र स्वीकार किये जाने योग्य समझा जाय। मा0 सूचना आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि यदि अनुरोधकर्ता का बी0पी0एल0 कार्ड सूचना चाहने हेतु वैधता नहीं रखता है, तो उसका निःशुल्क सूचना पाने का अनुरोध स्वयं ही निरस्त किये जाने योग्य है तथा ऐसी दशा में उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

8. गोष्ठी में उपस्थित लोक सूचना अधिकारी/अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद, चमोली–गोपेश्वर द्वारा मा0 सूचना आयुक्त को अवगत कराया गया कि कुछ ऐसे अनुरोधकर्ताओं द्वारा काफी संख्या में ऐसी सूचनायें साफ्ट कापी में मांगी जा रही हैं,जो कि बहुत ही विस्तृत हैं तथा उन्हें सी.डी./साफ्ट कापी में तैयार करना सीमित समयान्तर्गत सम्भव नहीं है,जो अनुरोधकर्ता स्वयं भी जानते हैं,इसलिये वे जानबूझकर विस्तृत सूचनायें साफ्ट कापी में दिये जाने हेतु आवेदन कर रहे हैं, ताकि कार्यालय का सम्पूर्ण स्टाफ ऐसी सूचनायें तैयार करने में व्यस्त हो जायें एवं कार्यालय के अन्य कार्य प्रभावित होते रहें। मा. सूचना आयुक्त ने कहा कि जो सूचनाएं सॉफ्ट कॉपी के रूप में धारित नहीं हैं उन्हें सॉफ्ट कॉपी बनाकर देना जरूरी नहीं है। वैसे, यदि सभी सूचनाएं कम्प्यूटर में धारित हों तो लोक सूचना अधिकारियों को सहूलियत होगी। मा0 आयुक्त द्वारा सपष्ट किया गया कि एक्ट में सूचना समयान्तर्गत उपलब्ध कराया जाना लोक सूचना अधिकारी का दायित्व है तथा अपने दायित्व के तहत कोई भी लोक सूचना अधिकारी किसी भी अनुरोधकर्ता को सूचना देने के बाध्य है। सूचना उपलब्ध न कराये जाने के औचित्य को सिद्ध दायित्व भी अधिनियम की धारा 19 (5) के तहत संबंधित लोक सूचना अधिकारी पर है। ऐसे अनुरोधकर्ता का उद्देश्य सूचना से अधिक किसी लोक सूचना अधिकारी को तंग करना अथवा उन्हें बदनाम करना है, के सम्बन्ध में आयोग पूर्ण

सतर्क है, तथा ऐसे अनुरोधकर्ताओं पर आयोग अपने स्तर से विधि सम्मत कार्यवाही कर रहा है। मा0 आयुक्त द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि कोई भी लोक सूचना अधिकारी सूचना अधिकार के अनुरोध पत्रों के अलग से जिम्मेदारी न समझते हुए अपने दायित्वों में उसका संविलियन करते हुए अनुरोध पत्रों का समयान्तर्गत निस्तारण करने में रूचि लें। उन्होंने कहा.कि सूचना आयोग बिना अवसर दिये किसी भी लोक सूचना अधिकारी के विरूद्ध दण्डनात्तक कार्यवाही नहीं करता है,लेकिन यदि सूचना समयान्तर्गत देने में अधिक लापरवाही बरती गई है,या द्वेशवश अनुरोध पत्र अस्वीकार किया गया है,या जानबूझकर अपूर्ण अथवा भ्रामक सूचनायें दी गई हैं,इसके अतिरिक्त यदि सूचना को नष्ट किया गया एवं सूचना के प्रकटन में व्यवधान कारित किया गया, की पुष्टि होने पर ही मा0 सूचना आयोग द्वारा अधिनियम की धारा 20 (1) के तहत कार्यवाही की जाती है। गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि अधिनियम में निहित व्यवस्थाओं के तहत अनुरोध पत्रों का समयान्तर्ग निस्तारण किये जाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करें।

9. बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अपीलीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि कतिपय अनुरोधकर्ताओं द्वारा नियत समयान्तर्गत सूचना प्राप्त न होने पर विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख प्रथम अपील प्रस्तुत न कर मा0 आयोग में द्वितीय अपील योजित कर दी जाती है तथा मा0 आयोग द्वारा उसे स्वीकार कर लिया जाता है,जो अधिनियम के विरूद्ध है। मा0 सूचना आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि द्वितीय अपील के रूप मा0 आयोग द्वारा तभी अपील स्वीकार की जाती है, जब मा0 आयोग को यह पुष्टि हो जाती है कि अनुरोधकर्ता द्वारा प्रथम अपील विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख की जा चुकी है। शिकायत के रूप में अवश्य प्रार्थना पत्र स्वीकार कर शिकायत पर लोक सूचना अधिकारी से देरी के सम्बन्ध में अवश्य स्थिति स्पष्ट करायी जाती है,लेकिन लोक सूचना अधिकारी को अधिनियम के तहत युक्तियुक्त अवसर दिये जाने के पश्चात ही शिकयत का निस्तारण किया जाता है। प्रथम अपील के बिना मा0 आयोग में द्वितीय अपील प्रस्तुत किये जाने वाले अपीलकर्ताओं के अपीलीय प्रार्थना पत्रों को विभागीय अपीलीय अधिकारियों को अधिनियम की धारा 19 (6) के तहत निस्तारित किये जाने हेतु विभागीय अपीलीय अधिकारियों को प्रतिप्रेषित किया जाता है। मा0 सूचना आयुक्त ने सभी को आश्वस्त किया कि अनुरोध पत्रों में इच्छित, सूचनाओं से घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, हां लोक सूचना अधिकारी अपने विभाग एवं दूसरे विभाग की सूचनाओं के सम्बन्ध में अवश्य जानकारी रखें, ताकि अनुरोध

पत्रों का सरल विधि से निस्तारण किया जा सके। मा0 आयोग द्वारा किसी भी लोक सूचना अधिकारी को भयभीत करने की कार्यवाही का कोई प्रयास नहीं किया जाता है,अपितु पूर्ण अवसर प्रदान करते हुए सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का का प्रयास किया जाता है। मात्र उन मामलों में ही मा0 आयोग द्वारा सख्त निर्णय लिया जाता है जहां पर लोक सूचना अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्य से विमुख होकर सूचना उपलब्ध कराये जाने का कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जाता है,या सूचना प्रकटन करने में घोर लापरवाही बरती जानी परिलक्षित होती है। मा. आयुक्त ने कहा कि आयोग लोक सूचना अधिकारी का मित्र एवं सहयोगी है। अपने कर्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन कर रहे लोक सूचना अधिकारियों को आयोग से आतंकित होने की जरूरत नहीं है।

10. गोष्ठी में शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय लोक सूचना अधिकारी ने जानना चाहा कि यदि अनुरोधकर्ता अपने अनुरोध पत्र के द्वारा प्रश्न के रूप में किसी सूचना को उत्तर चाहता है तो क्या उसका उत्तर देना आवश्यक है। मा0 आयुक्त द्वारा बताया गया कि सूचना के अधिकार में लोक सूचना अधिकारी द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध अभिलेखित सूचना ही दी जानी है,प्रश्नों का जवाब देना अधिनियम में कहीं पर भी परिभाषित नहीं है। यदि कोई प्रश्न के रूप मे सूचना पूछ रहा है तो उसे उस बिन्दु पर अभिलेखित सूचना उपलब्ध न होने की दशा में यह अवगत कराया जा सकता है कि आपके उक्त बिन्दु पर कोई भी अभिलेखित सूचना कार्यालय स्तर पर संरक्षित नहीं है। "सूचना" को स्पष्ट किये जाने के सम्बन्ध में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और अन्य बनाम आदित्य बन्द्योपाध्याय और अन्य में सिविल अपील सं0(6454/2011)में निर्णय दिया गया है, जिसेंका सुसंगत अंश निम्नानुसार है:–

" इस मोड़ पर यह आवश्यक है कि आर.टी.आई. अधिनियम के विषय में कुछ भ्रांतियों को स्पष्ट कर दिया जाए। आर.टी.आई. में सभी सूचना जो उपलब्ध और विद्यमान हैं ,तक पहुँच का प्राविधान है। यह अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (च) और (त्र) के अन्तर्गत "सूचना" और सूचना का अधिकार की परिभाषाओं और धारा 3 के सम्मिलित पठन से स्पष्ट है । यदि किसी लोक प्राधिकरण के पास कोई सूचना डाटा अथवा विश्लेषित डाटा अथवा सारों,अथवा आंकड़ों के रूप में हो तो कोई आवेदक ऐसी सूचना तक अधिनियम की धारा 8 के प्राविधानों का ध्यान रखते हुए पहुँच बना सकता है। किन्तु जहां सूचना किसी लोक प्राधिकरण को कोई ज्ञात नहीं है,और जहां ऐसी सूचना लोक प्राधिकरण के किसी कानून अथवा नियमों अथवा विनियमों के अन्तर्गत बनाये रखी जानी अपेक्षित नहीं हैं,अधिनियम लोक प्राधिकरण पर ऐसी अनुपलब्ध सूचना को एकत्र करने अथवा मिलाने और तत्पश्चात् किसी आवेदक को इसे प्रस्तुत करने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। किसी लोक

प्राधिकरण से निष्कर्षों को निकालने और/अथवा मान्यताओं को बनाने की या, "मत" दिये जाने की अपेक्षा नहीं की जाती है, न ही किसी आवेदक को "मत" अथवा "सलाह" को प्राप्त करने और दिया जाना अपेक्षित है। अधिनियम की धारा 2 (च) में "सूचना" की परिभाषा में "मत" अथवा "सलाह" का संदर्भ मात्र लोक प्राधिकारण के अभिलेखों में उपलब्ध ऐसे मसौदे से संदर्भित है। अनेक लोक प्राधिकरण,एक लोक सम्पर्क अधिकारी के रूप में,नागरिकों को सलाह,मार्गदर्शन और मत उपलब्ध करवाते हैं। किन्तु यह पूर्णतः स्वैच्छिक है और आर.टी.आई. अधिनियम के अन्तर्गत किसी बाध्यता के साथ इसे भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।"

11. गोष्ठी में उपस्थित ग्राम्य विकास विभाग के सहायक लोक सूचना अधिकारी, द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ अनुरोधकर्ताओं द्वारा काफी लम्बे–चौड़े प्रारूप तैयार करते हुए सूचनायें मांगी जाती हैं,जिन्हें तैयार करने में काफी समय लगता है,जिससे विभाग के अन्य शासकीय कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है। क्या अनुरोधकर्ताओं को उनके द्वारा तैयार किये गये प्रारूप पर सूचनायें दी जानी आवश्यक हैं। मा0 सूचना आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि यदि आपके कार्यालय की अभिलेखित सूचनाओं में अनुरोधकर्ता के द्वारा दिये गये प्रारूप पर सूचना पूर्ण कर दी जा सकती हैं,तो लोक सूचना अधिकारियों को अनुरोधकर्ता द्वारा दिये गये प्रारूप पर ही सूचनायें देनी होंगी। इसी क्रम में एक अन्य विभाग के लोक सूचना अधिकारी ने जानना चाहा कि यदि कार्यालय में अभिलेखित सूचना से सम्बन्धित कोई शासनादेश संरक्षित है तथा उस शासनादेश विभिन्न पैराओं में हैं,उन पैराओं में जो उल्लिखित है,उसको स्पष्ट करते हुए किसी अनुरोधकर्ता के अनुरोध पत्र पर सूचना दी जा सकती है। मा0 आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि जब शासनादेश के विभिन्न पैराओं में अनुरोधकर्ताओं की समस्त इच्छित सूचनायें पूर्ण हो रही हैं,तो उसे शासनादेश की प्रति उपलब्ध करा दी जाये तथा यह भी अवगत करा दिया जाये कि आपके द्वारा समस्त इच्छित सूचनायें/समस्त स्पष्टीकरणों की सूचना उक्त शासनादेश में ही निहित है।

12. गोष्ठी में उपस्थित लोक सूचना अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एक अनुरोधकर्ता श्री धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अपने अनुरोध पत्र जो कि निदेशालय से प्राप्त हुआ है,के माध्यम से जनपद अन्तर्गत प्रत्येक गांव में निवास करने वाले अनुसूचित जाति की उप जाति शिल्पकार, कोहली,की सूचनायें चाही गई हैं,जो कि लोक सूचना अधिकारी/समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारियों को अन्तरित की गई हैं,लेकिन अनुरोधकर्ता की सूचनायें इतनी विस्तृत हैं कि उन्हें समयान्तर्गत उपलब्ध कराया

जाना सम्भव नहीं है। ये सूचनाएं इस रूप में विभाग के पास धारित ही नहीं हैं तथा इन्हें संकलित करने में ही महीनों लगेंगे,इन सूचनाओं को एक माह अन्दर किस प्रकार अनुरोधकता को उपलब्ध कराया जा सकता है। मा0 आयोग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये कि प्रथमतया अनुरोध पत्र निदेशालय स्तर से ही गलत अन्तरित किया गया है। लोक सूचना अधिकारी चाहें तो अनुरोध पत्र को यह लिखते हुए अनुरोधकर्ता को वापस. कर सकते हैं कि इस प्रकार की कोई भी सूचना कार्यालय में संरक्षित अभिलेखों में अभिलेखित नहीं है। मा0 आयुक्त द्वारा यह भी आश्वस्त किया कि मा0 आयोग में अनुरोधकर्ता द्वारा यदि शिकायत या अपील की जाती है तो इस सम्बन्ध में मा0 आयोग अपने स्तर से उचित निर्णय लेते हुए प्रकरण का गुण–दोष के आधार पर निस्तारण किया जायेगा।

13. लोक निर्माण बिभाग में सेवारत् लोक सूचना अधिकारी द्वारा मा0 सूचना आयुक्त के संज्ञान में लाया गया कि कुछ अनुरोधकर्ताओं द्वारा विभाग में सेवारत् अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चल अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु आवेदन किये जा रहे हैं,जबकि विभाग में उक्त सूचना संकलित नहीं है, जिसे संकलित करने में अत्यधिक समय लगता है तथा इच्छित सूचना समयान्तर्गत अनुरोधकर्ताओं को उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में मा0 आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि सरकारी अधिकारी/कर्मचारी की चल अचल सम्पत्ति का सूचना का अधिकार के अन्तर्गत मांगा जाना अधिनियम का उल्लंघन नहीं है,बल्कि यह एक कानून है, जिसके तहत राज्य के प्रत्येक अधिकारी को वार्षिक रूप से अपनी चल अचल सम्पत्ति का खुलासा 31 दिसम्बर तक करना अनिवार्य है। इसीप्रकार राज्य कर्मचारी को प्रत्येक 05 वर्ष में अपनी चल–अचल सम्पत्ति को 31 दिसम्बर तक घोषित करना कानूनन अनिवार्य है। यदि राज्य सरकार का कोई अधिकारी/कर्मचारी कानून का उल्लंघन करता है तो इसके लिए उसके विरूद्ध नियम संगत कार्यवाही भी की जा सकती है। राज्य सरकार के किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की चल–अचल के सम्बन्ध में सूचना दिया जाना अधिनियम की धारा–11 के तहत तीसरे पक्ष का मामला नहीं है। यह अधिकारी / कर्मचारी को स्वतः ही कानूनन घोषित करना अनिवार्य है। बैठक में उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि सरकारी अधिकारी/कर्मचारी अपनी चल–अचल सम्पत्ति को नियत प्राविधानानुसार स्वयं लिखित रूप में घोषित करें तथा प्रत्येक विभाग अपने अधिकारियों/ कर्मचारियों की चल अचल सम्पत्तियों का पूर्ण

ब्यौरा एन0आई0सी0 के माध्यम से जनपद की वेबसाइट पर अपलोड करायें।

14. गोष्ठी में उपस्थित लोक सूचना अधिकारी/जिला पंचायत राज अधिकारी चमोली द्वारा मा0 आयुक्त के समक्ष अपनी बात रखते हुए अवगत कराया गया कि किसी अनुरोधकर्ता द्वारा मेरी व्यक्तिगत ए0सी0आर0 (वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि) के सम्बन्ध में सूचना निदेशालय से मांगी गई। निदेशालय द्वारा मेरा पक्ष सुने अथवा लिखित सहमति/असहमति के बिना ही अनुरोधकर्ता को मेरी गोपनीय प्रविष्टि दे दी गई है। मा0 आयुक्त द्वारा इस सम्बन्ध में आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा गया कि यदि ऐसा हुआ तो यह गलत है। निदेशालय स्तर के लोक सूचना अधिकारी को चाहिए था कि वे आवेदन प्राप्त होने के 05 दिन अन्दर अधिनियम की धारा –11 के तहत तीसरे पक्ष से इस सम्बन्ध में सहमति देने हेतु पृच्छा करते तथा अधिनियम की धारा 11(3) के तहत अनुरोध पत्र का निस्तारण करते हुए तीसरे पक्ष को भी अधिनियम की धारा 11(4) के तहत अपने निर्णय से अवगत कराते। मा0 सूचना आयुक्त द्वारा इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी चमोली को सुझाव दिया गया कि यदि आप निदेशालय स्तर के लोक सूचना अधिकारी द्वारा आपकी व्यक्तिगत सूचना दिये जाने से असन्तुष्ट हैं तो अधिनियम की धारा–11 में दी गई व्यवस्था के अनुसार विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख अपील प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी / अधिकारियों की ए.सी.आर. ' देय ' सूचना है लेकिन यदि ए.सी.आर. स्वयं उस अधिकारी / कर्मचारी के अलावा कोई और मांग रहा है तो धारा – 11 की प्रकिया से गुजरना होगा।

मा0सूचना आयुक्त द्वारा एक प्रश्न के उत्तर में गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारीगणों से अपेक्षा की गई कि लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी सूचना अधिकार एक्ट,तथा समय–समय पर आर.टी.आई. के कियान्वयन के सम्बन्ध में मा0उच्च न्यायालय,मा0 उच्चतम न्यायालय, मा0 सूचना आयोग द्वारा जारी निर्णयादेशों का भी अवलोकन करते रहें तथा किसी भी प्रकार की सूचना जो आपके विभाग की अभिलेखीय सूचना है,को लोक सूचना अधिकारीगण खुले मन के साथ अनुरोधकर्ता को अपनी ओर से सही रूप में प्रदान करने का प्रयास करें, उसके पश्चात भी यदि कहीं त्रुटि होती है,तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख अपील में उसका सुधार किया जा सकता है। यदि अनुरोधकर्ता द्वारा तदुपरान्त मा0 आयोग के समक्ष अपील की जाती है तो आयोग भी लोक सूचना अधिकारी को अपना

पक्ष रखने हेतु युक्तियुक्त अवसर प्रदान करता है। मा0 आयुक्त द्वारा साफ शब्दों में कहा गया कि मा0 आयोग में योजित होने वाली अपीलों में कहीं पर भी यदि यह दृष्टिगत होता है कि लोक सूचना अधिकारी द्वारा अधिनियम के तहत सूचना उपलब्ध कराये जाने का पूर्ण प्रयास किया गया तथा उनकी मंशा सूचना उपलब्ध कराये जाने की है,तो आयोग द्वारा ऐसे लोक सूचना अधिकारी को किसी भी प्रकार से दंडित किये जाने का प्रयास नहीं किया जाता है और न ही किया जायेगा,लेकिन जहां पर बिल्कुल भी अधिनियम के प्राविधानों को ध्यान में रखते हुए सूचना उपलब्ध कराये जाने का प्रयास नहीं किया जाता है,तथा लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना देने में बिल्कुल रूचि नहीं ली जायेगी,ऐसे प्रकरण में मा0 आयोग द्वारा अधिनियम की धारा 20(1) ,20(2) के तहत कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सभी लोक सूचना अधिकारियों को अवगत कराया गया कि सूचना अधिकार अधिनियम का केन्द्र बिन्दु आम नागरिक है तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के माध्यम से आम नागरिक के प्रति शासकीय संस्थाओं एवं कार्यरत अधिकारियों,कर्मचारियों को जवाबदेह बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत राज्य के सभी सरकारी कार्यालय,अर्द्धसरकारी कार्यालय एवं शासकीय सहायता प्राप्त योजनाओं के एन0जी0ओ0,लोक सूचना प्राधिकरण/लोक प्राधिकारी हैं, इसलिये हम सभी को अपने दायित्वों,कर्तव्यों को समझते हुए समयान्तर्गत सूचना प्रकटीय करण का प्रयास करना है,ताकि भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। मा0 आयुक्त द्वारा साफ शब्दों में कहा गया कि किसी भी लोक सूचना अधिकारी की मंशा सूचना प्रदान करने की होनी चाहिए तथा कर्तव्य सूचना देना होना चाहिए।

15. गोष्ठी में एक मामला मा0 सूचना आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों के सम्मुख रखा गया कि उनके संज्ञान में यह बात आयी है कि कई ग्राम पंचायत में लोक सूचना अधिकारी महिला ग्राम प्रधान हैं किन्तु सारा काम प्रधान पति द्वारा किया जा रहा है। यहाँ तक आयोग की सुनवाईयों में भी प्रधान पति अथवा प्रधान पुत्र प्रतिभाग करने आ जा रहे हैं। मा0 आयुक्त ने कहा कि पंचायत राज एक्ट के तहत महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित रखने एवं उनकी स्थिति को सशक्त [illegible] आरक्षण दिया जा रहा है ,उसका उद्देश्य [illegible] की स्थिति को सुदृढ़ करना है,तथा उनका चहुमुखी विकास करना है। ऐसे में प्रधान पति नाम की संस्था इस कानून का मजाक उडाती प्रतीत होती है।

उन्होंने कहा कि कतिपय महिलाओं प्रधानों द्वारा ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तरीय बैठकों में स्वयं प्रतिभाग न करते हुए अपने स्थान पर अपने पति, भाई, देवर आदि को भेजा जाता है। इस प्रकार की कार्यशैली पंचायत राज एक्ट की भावनाओं के अनुरूप नहीं है।

16. बैठक में उपस्थित ज़िला कार्यालय के सहायक लोक सूचना अधिकारी द्वारा बताया गया कि एक अनुरोधकर्ता द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना हेतु आवेदन किया गया, नियत समयान्तर सूचना तैयार कर उन्हें सूचना का अतिरिक्त शुल्क जमा किये जाने हेतु नोटिस दिया गया, लेकिन अनुरोधकर्ता द्वारा अब सूचना का शुल्क जमा न करते हुए सूचना सी0डी0 में मांगी जा रही है,जबकि अनुरोध पत्र में साफ्ट कापी में सूचना दिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया था। मा0 आयुक्त द्वारा कहा गया कि अनुरोध पत्र की सूचना अपने कार्यालय स्तर पर 10–15 दिन के मध्य तैयार करते हुए अनुरोधकर्ता को अतिरिक्त शुल्क का नोटिस प्रेषित कर दें,तथा नोटिस के क्रम में अतिरिक्त शुल्क होने पर अनुरोधकर्ता को अधिनियम की धारा 7(1) के तहत सूचना उपलब्ध कराने की कार्यवाही पूर्ण की जाय। मा0 आयुक्त द्वारा कहा गया कि यदि आपकी मंशा सूचना देना है तो 30 दिन का समय पर्याप्त होता है,इसमें किसी भी प्रकार का विलम्ब होना सम्भव नहीं है। मा0 आयुक्त द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को अवगत कराया गया कि यदि लोक सूचना अधिकारी चाहें तो अतिरिक्त शुल्क का नोटिस जारी करते समय भी अपने विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्बन्ध में अवगत करा सकते हैं। जो सूचना कम्प्यूटर में उपलब्ध नहीं है उसे सीडी में देना बाध्यता नहीं है।

17. गोष्ठी/बैठक हेतु मा0 आयोग से प्राप्त प्रारूप पर सूचनायें संकलित करायी गई हैं,जिसकी सूची संलग्न की जा रही है। संकलित सूचनाओं की मूल पत्रावली मा0 आयोग को गोष्ठी/ बैठक स्थल पर ही उपलब्ध करायी गई।

गोष्ठी/बैठक के अन्त में मा0 सूचना आयुक्त,उत्तराखण्ड द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद करते हुए सभी को बताया कि हम सब जनता के सेवक हैं,इसलिये हमें कानून, एक्ट, अधिनियम,सरकारी नीतियों,नियमों का पालन करते हुए समय–समय पर मा0 न्यायालयों एवं मा0 आयोग द्वारा पारित निर्णयादेशों का अवलोकन करते रहना होगा तथा उन्हें अंगीकृत करते हुए जनसामान्य/आम नागरिक जो कि अधिनियम का केन्द्र बिन्दु है,के प्रति जवाबदेह रहते

हुए सूचनायें प्रदान करनी होंगी। मा0 आयुक्त महोदय द्वारा अपेक्षा की गई कि हम सब भलीभांति विज्ञ हैं कि हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन किस प्रकार करना है,जिससे अधिनियम को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। मा0 आयुक्त महोदय द्वारा किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होने पर उसके समाधान हेतु व्यक्तिगत दूरभाष नम्बर भी उपलब्ध कराये गये,जो निम्नवत् हैं :-

1 श्री प्रभात डबराल, मा0 सूचना आयुक्त,उत्तराखण्ड मो0नं0-9412050832

2. श्री नरेश बिजल्वांण, निजी सचिव, मा0 सूचना आयुक्त मो0नं0-9410592369

गोष्ठी/बैठक की समाप्ति पर नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी चमोली द्वारा मा0 सूचना आयुक्त को धन्यवाद दिया गया तथा मा0 आयुक्त द्वारा दी गई अद्यतन् जानकारी का लाभ उठाने की सभी उपस्थित अधिकारियों से अपेक्षा की गई।

(एस0 ए0 मुरूगेशन)
जिलाधिकारी,
चमोली।

कार्यालय जिलाधिकारी चमोली ।

संख्या :1321/तेंतालीस-3(2011-2012) दिनांक : गोपेश्वर ,26-9- ,2012

प्रतिलिपि :

1. निजी सचिव, मा0 सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड देहरादून को मा0 आयुक्त महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

2. जनपद के समस्त लोक सूचना अधिकारी (प्रखण्ड स्तर तक के लोक सूचना अधिकारी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

3. समस्त सहायक लोक सूचना अधिकारी (प्रखण्ड स्तर तक) जनपद चमोली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

4. समस्त विभागीय अपीलीय अधिकारी (प्रखण्ड स्तर तक) जनपद चमोली को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

26/9/12
जिलाधिकारी,
चमोली।



आज दिनांक–04,दिसम्बर,2012 को विकास खण्ड कार्यालय सभागार,ताड़ीखेत जनपद–अल्मोड़ा में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के कियान्वयन हेतु श्रीमान् राज्य सूचना आयुक्त महोदय,सूचना आयोग,देहरादून श्री अनिल कुमार शर्मा द्वारा की गई समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–

सर्व प्रथम विकास खण्ड कार्यालय सभागार,ताड़ीखेत,जनपद–अल्मोड़ा में श्री अनिल कुमार शर्मा,श्रीमान् राज्य सूचना आयुक्त,सूचना आयोग,उत्तराखण्ड देहरादून के पधारने पर श्री अहमद इकबाल,संयुक्त मजिस्ट्रेट,रानीखेत एवं मा0 प्रमुख,क्षेत्र पंचायत,ताड़ीखेत तथा खण्ड विकास अधिकारी,ताड़ीखेत,श्रीमती मैनाली व सभा कक्ष में उपस्थित विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारी एवं अपीलीय अधिकारियों तथा विकास खण्ड के अधिकॉश लोक सूचना अधिकारियों/प्रधानों द्वारा स्वागत किया गया तदोपरॉन्त समीक्षा बैठक में निम्नवत् चर्चा की गई :–

